अंक-योजना
सेकेंडरी स्कूल पूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षा, (जुलाई 2023)
कक्षा- 10वीं विषय: हिंदी (A); कोड- 002; प्रश्न पत्र 3/C/1; 3/C/2 ; 3/C/3

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा-व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन, अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं और/या अभिनव (innovative) हैं, उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंक-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंक-योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य-परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य-परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न (x) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✔) या (x) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक-योजना

सेकेंडरी स्कूल पूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षा (जुलाई **2023)**

कक्षा- **10**वीं विषय: हिंदी**(A),** कोड**- 002,** प्रश्न पत्र **3/C/1; 3/C/2 ; 3/C/3**

विषय : हिंदी (A) कक्षा- 10 वीं

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

				<u>खंड (अ)</u> **(**बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न **)**	
1	**1**	**2**	**1**	निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के - - - - - - - - - - - - - - - - - उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - समाचार पत्रों में **- - - - - - - - - - -** चकित रह गया।	**5×1=5**
	(i)	**(i)**	**(i)**	प्रश्न- गद्यांश के - - - - - - - - - - - - - - - - - कारक हैं: उत्तर- **(b)** अनुचित तरीके से धन या मान संगृहीत करना	**1**
	(ii)	**(ii)**	**(ii)**	प्रश्न- समाचार-पत्रों - - - - - - - - - - - - - - - - आक्रोश है? उत्तर- **(b)** भ्रष्टाचार के प्रति	**1**
	(iii)	**(iii)**	**(iii)**	प्रश्न- दोषों का - कब आती है? उत्तर- **(a)** जब किसी के गलत आचरण बताने में रस लिया जाता है।	**1**
	(iv)	**(iv)**	**(iv)**	प्रश्न- लोगों के - आवश्यक है? उत्तर- **(a)** अच्छाई का प्रचार-प्रसार करना	**1**
	(v)	**(v)**	**(v)**	प्रश्न- कथन (A) और कारण (R) - - - - - - - - - - - - - - -चुनकर लिखिए- उत्तर- **(a)** कथन **(A)** सही है, लेकिन कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता।	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

2 I	**2 I**	**1 I**	**2 I**	<u>काव्यांश एक</u> निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के - - - - - - - - - - - - - - - उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - एक दिन **- - - - - - - - - - - - - - - - - - - -** पहनाता है।	**5×1=5**
	(i)	**(i)**	**(i)**	प्रश्न- कवि ने 'उपसर्ग' - - - - - - - - - - - - - - - किया हैं? उत्तर- **(b)** मेकअप करने वाला	**1**
	(ii)	**(ii)**	**(ii)**	प्रश्न- प्रत्यय के विषय - असत्य है ? उत्तर- **(c)** प्रत्यय खुद को मिटाकर दूसरों को नए-नए रंगों से सजाता है।	**1**
	(iii)	**(iii)**	**(iii)**	प्रश्न- कवि द्वारा 'प्रत्यय' न बनकर - - - - - - - - - - - - - - - - करता है? उत्तर- **(a)** सृजनशीलता	**1**
	(iv)	**(iv)**	**(iv)**	प्रश्न-कथन (A) और कारण (R) - - - - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(c)** कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों सही हैं तथा कारण **(R)**कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है ।	**1**
	(v)	**(v)**	**(v)**	प्रश्न- उपसर्ग द्वारा - अभिप्राय है? उत्तर- **(c)** नया रूप प्रदान करना	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

				<u>काव्यांश दो</u>	
अथवा II	**2 II**	**1 II**	**2 II**	निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के - - - - - - - - - - - उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - हो दोस्त या - देकर देखो।	**5×1=5**
	(i)	**(i)**	**(i)**	प्रश्न- इस कविता के केंद्रीय भाव - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(c)** कथन **(क), (ग)** और **(घ)** सही हैं।	**1**
	(ii)	**(ii)**	**(ii)**	प्रश्न- कविता के अनुसार - - - - - - - - - - - - कहा गया है ? उत्तर- **(d)** मधुर शब्दों का प्रयोग करना	**1**
	(iii)	**(iii)**	**(iii)**	प्रश्न- हर एक - - - - - - - होते हैं। - - - - - पंक्तियों का भाव है: उत्तर- **(b)** कठोर से कठोर व्यक्ति भी प्रेमपूर्वक व्यवहार से द्रवित होता है।	**1**
	(iv)	**(iv)**	**(iv)**	प्रश्न- दूसरों की कीर्ति - - - - - - - - - - - - - - सलाह दी है ? उत्तर- **(a)** उसकी आलोचना	**1**
	(v)	**(v)**	**(v)**	प्रश्न- गलत राह पर - सकता है? उत्तर- **(b)** प्रेमपूर्वक व्यवहार द्वारा	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

3	**3**	**4**	**6**	निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	(i)	**-**	**-**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(c) (अ-II), (ब-III), (स-I)**	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- "माधव बाज़ार से - - - - - - - - - - - - - - - लाया।"- यह वाक्य है: उत्तर- **(b)** सरल वाक्य	**1**
	(iii)	**-**	**-**	प्रश्न- "रामलाल खेत में गया - - - - - - - - - - - - - - - - - काटने लगा।" सरल वाक्य होगा : उत्तर- **(d)** रामलाल खेत में जाकर गेहूँ काटने लगा।	**1**
	(iv)	**-**	**-**	प्रश्न- मेरे घर - - - - - - वर्षा होने लगी।" - - - - - - - मिश्र वाक्य बनेगा: उत्तर- **(b)** ज्यों ही मैं घर पहुँचा त्यों ही वर्षा होने लगी।	**1**
	(v)	**-**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(c)** कथन **(**ग**)** व **(**घ**)** सही हैं।	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

3	**3**	**4**	**6**	निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- "पानवाले के लिए - - - - - - करने वाली।" वाक्य भेद बताइए : उत्तर- **(b)** संयुक्त वाक्य	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(b) (अ-II), (ब-III), (स-I)**	**1**
	-	**(iii)**	**-**	प्रश्न- "वह बाज़ार गया - - - - - - - आ गया ।" वाक्यों का संयुक्त वाक्य बनेगा: उत्तर- **(d) (b)** एवं **(c)** दोनों	**1**
	-	**(iv)**	**-**	प्रश्न- एक बार - - - - - आकर मिलें।"- - उपवाक्य का भेद बताइए: उत्तर- **(c)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य	**1**
	-	**(v)**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए : उत्तर- **(d)** केवल कथन **(क)** सही है।	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

3	**3**	**4**	**6**	निर्देशानुसार 'रचना' के आधार पर वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों - - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए : उत्तर- **(c)** कथन **(क), (ख), (ग)** व **(घ)** सही हैं।	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- आश्रित उपवाक्य - - - - - - - - - - - - - - -- - - भेद होते हैं? उत्तर- **(b)** तीन	**1**
	-	**-**	**(iii)**	प्रश्न- "मेहनती व्यक्ति - - - - - - - होते हैं।" मिश्र वाक्य बनेगा : उत्तर- **(c)** जो व्यक्ति मेहनती होते हैं वे हमेशा सफल होते हैं।	**1**
	-	**-**	**(iv)**	प्रश्न- "मुझे दिल्ली - - - - - स्टैंड गया।" परिवर्तित रूप होगा: उत्तर- **(d)** मैं दिल्ली जाने के लिए बस स्टैंड गया।	**1**
	-	**-**	**(v)**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - - - - - -- चुनकर लिखिए: उत्तर- **(b) (अ-I), (ब-III), (स-II)**	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

4	**4**	**3**	**5**	निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	(i)	**-**	**-**	प्रश्न- "रमेश से दौड़ा नहीं गया।"- वाच्य भेद का उदाहरण है? उत्तर- **(b)** भाववाच्य	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(d)** कथन **(क), (ख)** व **(घ)** सही हैं।	**1**
	(iii)	**-**	**-**	प्रश्न- "चौपाल में - - - - - - - दिया जाएगा ।" का कर्तृवाच्य बनेगा : उत्तर- **(c)** चौपाल में मुख्यमंत्री भाषण देंगे।	**1**
	(iv)	**-**	**-**	प्रश्न- : स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(b) (अ-II), (ब-III), (स-I)**	**1**
	(v)	**-**	**-**	प्रश्न- "वे स्कूल - - - - - - - पढ़ते होंगे।" - - - - - भाववाच्य बनेगा : उत्तर- **(a)** उनके द्वारा स्कूल जाकर पढ़ा जाता होगा ।	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

4	**4**	**3**	**5**	निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- कर्तृवाच्य में क्रिया - - - - - - - - - - - - - - - होता है? उत्तर- **(a)** कर्ता के	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित वाक्यों में से - - -- - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(b)** कथन **(क), (ख)** व **(ग)** सही हैं।	**1**
	-	**(iii)**	**-**	प्रश्न- "बच्चे गाना सुन चुके थे।" - - - - - - - - - - - कर्मवाच्य बनेगा: उत्तर- **(d)** बच्चों द्वारा गाना सुना जा चुका था ।	**1**
	-	**(iv)**	**-**	प्रश्न- "उस्ताद द्वारा - - - - -सिखाया जाएगा।"-- कर्तृवाच्य होगा: उत्तर- **(d)** उस्ताद हमें संगीत सिखाएँगे।	**1**
	-	**(v)**	**-**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - -- - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(a) (अ-II) (ब-III), (स-I)**	**1**

प्र श्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

4	**4**	**3**	**5**	निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- "राजनीति के साथ - - - - - -- - - - - - - - का वाच्य भेद है : उत्तर- **(b)** कर्तृवाच्य	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- "चिराग घर - - -- - - - - - - - - का भाववाच्य बनेगा: उत्तर- **(a)** चिराग द्वारा घर जाकर सोया जाता है।	**1**
	-	**-**	**(iii)**	प्रश्न- "शिक्षिका द्वारा- - - - - - - पढ़ाया जाएगा।" - -- - - - - - - - कर्तृवाच्य में होगा: उत्तर- **(a)** शिक्षिका बच्चों को पाठ पढ़ाएगी।	**1**
	-	**-**	**(iv)**	प्रश्न- "माँ खाना - - -- - - - - - - - - थी।"-- कर्मवाच्य में वाक्य बनेगा : उत्तर- **(b)** माँ द्वारा खाना पकाया जा रहा था।	**1**
	-	**-**	**(v)**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(b) (अ-III), (ब-I), (स-II)**	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

5	**5**	**6**	**4**	निर्देशानुसार 'पद-परिचय ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	(i)	**-**	**-**	प्रश्न- <u>यह</u> किताब - - - - - - - <u>यह</u> नहीं।- - - - <u>यह</u> का सामान्य पद परिचय होगा: उत्तर- **(b)** पहला यह **-** सार्वनामिक विशेषण दूसरा यह **-** निश्चयवाचक सर्वनाम	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- बैजू बाज़ार <u>जा रहा था</u>। - - रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(a)** अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल,कर्तृवाच्य	**1**
	(iii)	**-**	**-**	प्रश्न- "<u>थोड़ा</u> खाओ।" रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(d)** परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य-क्रिया खाओ	**1**
	(iv)	**-**	**-**	प्रश्न- "सभी प्रातः - - - - - <u>ताकि</u> स्वस्थ रहें "- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(a)** उद्देश्यसूचक, व्यधिकरण, समुच्चयबोधक अव्यय	**1**
	(v)	**-**	**-**	प्रश्न- मन्नू भंडारी की <u>कहानियों</u> - - - - - - मिलती है। रेखांकित शब्द का पद-परिचय है: उत्तर- **(b)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, अधिकरण कारक	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

5	**5**	**6**	**4**	निर्देशानुसार 'पद-परिचय ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- "पानवाला - - - - - - - - - - - <u>खा रहा था।</u>" - - - - - - - - - रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(b)** सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल, कर्तृवाच्य	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- "<u>मूर्ति की</u> - - - - - - रखा हुआ था।" -- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(c)** जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक	**1**
	-	**(iii)**	**-**	प्रश्न- "<u>ठीक</u> को - - - - - - - - - नहीं होती। <u>ठीक</u> आदमी को -- - - - - - - - सकता।" दोनों वाक्यों में <u>ठीक</u> का सामान्य पद परिचय होगा: उत्तर- **(c)** पहला ठीक- जातिवाचक संज्ञा, दूसरा ठीक- गुणवाचक विशेषण	**1**
	-	**(iv)**	**-**	प्रश्न- पहाड़ों से - - - - - - - - - - <u>लुढक-लुढक कर</u> गिर रहे थे "- - - - - - - - रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(b)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया- गिर रहे थे	**1**
	-	**(v)**	**-**	प्रश्न- <u>वे</u> गुनगुनाने लगती हैं। -- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(d)** अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्ता कारक	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

5	**5**	**6**	**4**	निर्देशानुसार 'पद-परिचय ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- आज कक्षा में <u>कम</u> छात्र आए हैं। - -- - - - - - - - <u>कम</u> बोलना श्रेष्ठ है। दोनों वाक्यों में <u>कम</u> का सामान्य पद परिचय होगा: उत्तर- **(a)** पहला कम **-** अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, दूसरा कम **-** परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- <u>नारायण ने</u> - - - - - - खरीदी।- - - - - - - -- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(a)** व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक	**1**
	-	**-**	**(iii)**	प्रश्न- बच्चे <u>जोर से</u> हँस रहे हैं। - - - - - - - - - - -- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(b)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, विशेष्य क्रिया- हँस रहे हैं	**1**
	-	**-**	**(iv)**	प्रश्न- <u>खबरदार</u> - - - - - - - - -- - गए तो ।"- - - - - - - -- रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(d)** चेतावनीसूचक विस्मयादिबोधक अव्यय।	**1**
	-	**-**	**(v)**	प्रश्न- "<u>हमारे</u> यहाँ सब खुश हैं।" - - - रेखांकित पद का पद-परिचय है: उत्तर- **(a)** पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तमपुरुष, पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, बहुवचन, संबंध कारक	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

6	**6**	**5**	**3**	निर्देशानुसार 'अलंकार ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	(i)	**-**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(d)** कथन **(ख)** व **(घ)** सही हैं।	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- शब्दालंकार के अंतर्गत -- - - - -- - - - - - - - - - आता है? उत्तर- **(d)** श्लेष अलंकार	**1**
	(iii)	**-**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित - - - - - - - -- - - - - - -- - - - का उदाहरण है : उत्तर- **(c)**लो यह लतिका भी भर लाई - मधु मुकुल नवल रस गागरी।	**1**
	(iv)	**-**	**-**	प्रश्न- पानी गए - - - - - - - - -- - - - चून'_ - - - - - - -- - - में अलंकार है? उत्तर- **(a)** श्लेष अलंकार	**1**
	(v)	**-**	**-**	प्रश्न- 'हनुमान की - - - - - - निशाचर भाग' - - - कौन-सा अलंकार है? उत्तर- **(c)** अतिशयोक्ति अलंकार	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

6	**6**	**5**	**3**	निर्देशानुसार 'अलंकार ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- 'देख लो साकेत नगरी - - - - - - जा रही। - - - - - -- - कौन-सा अलंकार है? उत्तर- **(a)** अतिशयोक्ति अलंकार	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित में उत्प्रेक्षा - - - - - - - - - -- का उदाहरण है : उत्तर- **(c)** उस काल मारे क्रोध के, तनु काँपने उसका लगा। मानो हवा के ज़ोर से, सोता हुआ सागर जगा।	**1**
	-	**(iii)**	**-**	प्रश्न- स्तंभ I का स्तंभ II - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए: उत्तर- **(d) (अ-III), (ब-I), (स-II)**	**1**
	-	**(iv)**	**-**	प्रश्न- 'जगकर सजकर रजनी बाले'- - - - कौन-सा अलंकार है? उत्तर- **(c)** मानवीकरण अलंकार	**1**
	-	**(v)**	**-**	प्रश्न- उपमेय में उपमान की - - - - - - - - - अलंकार होता है? उत्तर- **(d)** उत्प्रेक्षा अलंकार	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

6	**6**	**5**	**3**	निर्देशानुसार 'अलंकार ' पर आधारित निम्नलिखित <u>पाँच</u> बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-	**4 ×1=4**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- जहाँ जड़ प्रकृति - - - - - - - - - - अलंकार होता है? उत्तर- **(b)** मानवीकरण अलंकार	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- <u>भिखारिन को</u> - - - - - - बार-बार। - - - - - - में अलंकार है? उत्तर- **(a)** श्लेष अलंकार	**1**
	-	**-**	**(iii)**	प्रश्न- निम्नलिखित में अतिशयोक्ति - - - - - - - - - - का उदाहरण है : उत्तर- **(a)** लंबा होता ताड़ का वृक्ष जाता, मानो नभ छूना चाहता वह तुरंत ही।	**1**
	-	**-**	**(iv)**	प्रश्न- 'गरज कहती घटाएँ - - - - फिर'- - - - - - - में अलंकार है? उत्तर- **(c)** मानवीकरण अलंकार	**1**
	-	**-**	**(v)**	प्रश्न- 'राम कृपा - - - - - मनहुँ गिरिंदा' - - - - - - - में अलंकार है? उत्तर- **(b)** उत्प्रेक्षा अलंकार	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

7	**7**	**9**	**7**	निम्नलिखित पठित गद्यांश को - - - - - विकल्प चुनकर लिखिए- जिस योग्यता, प्रवृत्ति **- - - - - - -** नहीं कह सकते।	**5 ×1=5**
	(i)	**(i)**	**(i)**	प्रश्न- व्यक्ति वास्तव में - - - - - - - - - - - - - - जा सकता है? उत्तर- **(c)** जब वह अपने विवेक से किसी नई चीज़ की खोज करे।	**1**
	(ii)	**(ii)**	**(ii)**	प्रश्न- सुई-धागे के - - - - - - - - - - - - - - - - कहलाएगी? उत्तर- **(a)** सभ्यता	**1**
	(iii)	**(iii)**	**(iii)**	प्रश्न- निम्नलिखित में से - - - - - - - - - - - - - - - असत्य है? उत्तर- **(c)** जब कोई वस्तु बिना प्रयत्न प्राप्त हो जाती है तो वह संस्कृति कहलाती है।	**1**
	(iv)	**(iv)**	**(iv)**	प्रश्न- जिस व्यक्ति में - - - - - - - - - - आविष्कर्ता होगा। - - - - - - पहली चीज़ से लेखक का क्या अभिप्राय है? उत्तर- **(a)** व्यक्ति में विद्यमान उसकी योग्यता, प्रवृत्ति और प्रेरणा का बल	**1**
	(v)	**(v)**	**(v)**	प्रश्न- संस्कृत व्यक्ति की - - - - - - - - - - - - - - - प्राप्त नहीं हुई है? उत्तर- **(b)** नए तथ्यों को खोजना	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

8	**8**	**10**	**8**	गद्य पाठों के आधार पर - - - - - - - - - - - - - - - चुनकर लिखिए-	**2 ×1 = 2**
	(i)	**-**	**-**	प्रश्न- बालगोबिन भगत - - - - - - - - - - - - - - - - - - तक चलती थीं। उत्तर- **(c)** कार्तिक से फाल्गुन तक	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- अक्सर समारोहों एवं - - - - - - - - - - बिस्मिल्ला खाँ है। - - - - - - 'बिस्मिल्ला खाँ' का क्या मतलब है? उत्तर- **(b)** बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई	**1**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- 'नेताजी का चश्मा' पाठ - - - - - - - विषय में सोच रहे थे? उत्तर- **(a)** नेताजी की मूर्ति के विषय में	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- निम्नलिखित में से - - - - - - - - - - - - - - उदाहरण नहीं है? उत्तर- **(c)** जो योग्यता महामानव से सर्वस्व विनाश कराती है	**1**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- 'नौबतखाने में इबादत'- - - - - - - - - - - - जबरदस्त शौक था : उत्तर- **(c)** सुलोचना की फिल्मों का और कुलसुम हलवाइन की संगीतमय कचौड़ी का	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- 'एक कहानी यह भी' - - - - - - - - - - - - - - की प्राध्यापिका थीं? उत्तर- **(a)** हिंदी	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

9	**9**	**7**	**9**	निम्नलिखित पठित काव्यांश को - - - - - विकल्प चुनकर लिखिए- “ऊधौ, तुम हो अति **- - - - - -** गुर चाँटी ज्यों पागी।।”	**5 ×1=5**
	(i)	**(i)**	**(i)**	प्रश्न- उपर्युक्त पद में - - - - - - - - - - - - - क्रमश: हैं: उत्तर- **(c)** गोपियाँ **–** उद्धव	**1**
	(ii)	**(ii)**	**(ii)**	प्रश्न- ‘ऊधौ, तुम हो अति बड़भागी’ - - - - - - क्या कहा जा रहा है? उत्तर- **(c)** उद्धव को भाग्यशाली कहने में व्यंग्य निहित है।	**1**
	(iii)	**(iii)**	**(iii)**	प्रश्न- ‘अपरस रहत - - - - - - - मन अनुरागी’- पंक्ति का भावार्थ है? **(** चारों विकल्प अनुपयुक्त होने के कारण किसी भी विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ **)**	**1**
	(iv)	**(iv)**	**(iv)**	प्रश्न- ‘प्रीति नदी में - - - - - - - - न रूप परागी’- - - - - - - - बात की जा रही है? उत्तर- **(c)** श्रीकृष्ण के रूप पर	**1**
	(v)	**(v)**	**(v)**	प्रश्न- उद्धव के व्यवहार की तुलना किससे की गई है? उत्तर- **(d) (b)** और **(c)** दोनों	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

	10	**8**	**10**	पद्य पाठों के आधार पर - - - - - - - - - चुनकर लिखिए-	**2 ×1 = 2**
10	**(i)**	**-**	**-**	प्रश्न- 'उसकी स्मृति पाथेय - - - - पंथा की' - - - - - किस ओर है ? उत्तर- **(a)** पत्नी/प्रेयसी की ओर	**1**
	(ii)	**-**	**-**	प्रश्न- फसल किसका बदला - - - - - - - - - - - - - - - रूप है? उत्तर- **(d)** प्रकृति के संसर्ग और किसान के श्रम का	**1**
	-	**(i)**	**-**	प्रश्न- विश्वामित्र ने - - - - - - - - - - - - - - - वर्णन किया है? उत्तर- **(c)** साधु-महात्मा बालक के गुण-दोषों की तरफ ध्यान नहीं देते।	**1**
	-	**(ii)**	**-**	प्रश्न- संगतकार कविता से - - - - - - - - - - किसके लिए हुआ है? उत्तर- **(b)** मुख्य गायक के लिए	**1**
	-	**-**	**(i)**	प्रश्न- गोपियों ने योग - - - - - - - - - - - - किसके समान बताया है? उत्तर- **(b)** कड़वी ककड़ी के समान	**1**
	-	**-**	**(ii)**	प्रश्न- नागार्जुन की कविता में - - - - - - - - - - - - मानी गई है ? उत्तर- **(b)** शेफालिका के फूलों के समान	**1**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

11	**11**	**12**	**12**	<u>खंड (ब)</u> (वर्णनात्मक प्रश्न)	**3 ×2 = 6**
	(क)	(क)	(क)	गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>चार</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- प्रश्न- हालदार साहब जब भी - - - - - - - - - - - - - क्या कारण था? उत्तर - कैप्टन फेरीवाला, गिने-चुने फ्रेम उपलब्ध, मूर्ति पर लगा फ्रेम ग्राहकों को पसंद आना, उनकी मांग के अनुसार चेश्मा बदलने की आवश्यकता, आजीविका का साधन	**2**
	(ख)	(ख)	(ख)	प्रश्न- 'लखनवी अंदाज़'- - - - - - - - - - - - सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। उत्तर - सनक के दो रूप - ● सकारात्मक एवं नकारात्मक (प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) <u>उदाहरणार्थ</u> - ● सकारात्मक- गांधी जी, भगत सिंह, दशरथ मांझी, मिल्खा सिंह आदि की सनक। ● नकारात्मक- नवाब साहब के द्वारा खीरे की तैयारी करके उसे सूँघ कर फेंक देना।	**1+1 = 2**
	(ग)	(ग)	(ग)	प्रश्न- 'नौबतखाने में इबादत'- - - - - - - अच्छा क्यों लगता है? उत्तर- ● रसूलन बाई और बतूलन बाई के यहाँ से ; ● उनके गायन को सुन ख़ुशी मिलना, संगीत के प्रति रुझान	**1+1 = 2**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

	(घ)	(घ)	(घ)	प्रश्न- शीला अग्रवाल का - - - - - - - - - सन्दर्भ में लिखिए। उत्तर - साहित्य की दुनिया में प्रवेश कराना , उत्कृष्ट साहित्य से परिचय कराना, देश-प्रेम की भावना को सक्रिय भागीदारी में बदलना, खोए आत्मविश्वास को लौटाना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**1+1 = 2**
12	**12**	**11**	**13**	पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>चार</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए-	**3×2 = 6**
	(क)	(क)	(क)	प्रश्न- लक्ष्मण के व्यंग्यपूर्ण - - - - - - - - - - - - - पर उत्तर दीजिए। उत्तर - कटु वचन बोलना, क्रोधाग्नि भड़कना, परशु को साध लेना, चेतावनी देना, मृत्यु का भय दिखाना, गुरु (विश्वामित्र) से लक्ष्मण को समझाने का आग्रह करना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**1+1 = 2**
	(ख)	(ख)	(ख	प्रश्न- मित्रों के द्वारा बार-बार - - - - - - - - - - - उत्तर लिखिए। उत्तर - ● निजी जीवन को सार्वजनिक न करने की इच्छा ● जीवन सामान्य है, ऐसा कुछ विशेष नहीं जिसे लिखा जाए। ● जीवन की दुर्बलताओं के सार्वजनिक उल्लेख से दूसरों द्वारा सुख पाने की संभावना ● हँसी का पात्र बनने का भय ● जीवन रिक्त, अभावों से भरा ● प्रवंचनाओं और छल को सामने न लाने की इच्छा (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**1+1 = 2**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

	(ग)	**(ग)**	**(ग)**	प्रश्न- कवि ने 'उत्साह' कविता - - - - - - - - - - - में किया है? उत्तर - ● कविता परिवर्तन और सामाजिक क्रांति लाने का माध्यम ● सामाजिक क्रांति या बदलाव में कविता की महत्वपूर्ण भूमिका ● बादल नई चेतना एवं नए जीवन का संचार करते हैं (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**1+1 = 2**
	(घ)	**(घ)**	**(घ)**	प्रश्न- 'उसे विफलता नहीं, उसकी - - - - - चाहिए' - - - - - - - - - - - कविता के आधार पर लिखिए। उत्तर - ● संगतकार के लिए; ● स्वयं को जान-बूझकर पीछे रखना, मुख्य गायक की सहायता करना, अपने स्वर को ऊँचा न उठाना,स्वर में हिचक का होना (कोई दो बिंदु अपेक्षित)	**1+½+½ =2**
13	**13**	**13**	**11**	पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित <u>तीन</u> प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-	**2×4 = 8**
	(क)	**(क)**	**(क)**	प्रश्न- दुनिया में माँ की गोद से- - - - - - - - - - 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए। उत्तर - ● माँ की ममता दुनिया में सबसे अलग और विशिष्ट ; उदाहरण- ● साँप से भयभीत होकर भोलानाथ का अपनी माँ की गोद में छुप जाना ● पिता से गहरे लगाव के बावजूद माँ का आँचल छोड़ने को तैयार न होना	**4**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

	(ख)	(ख)	(ख)	प्रश्न- विज्ञान के जहाँ - - - - - - – - - 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के संदर्भ में लिखिए। उत्तर - पाठ के संदर्भ - ● हिंसक अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण ● परमाणु बम का विध्वंसक प्रयोग और उसके दुष्परिणाम ● ब्रह्मपुत्र नदी में बम फेंक कर हजारों मछलियों का नाश (अन्य उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर भी स्वीकार्य)	**4**
	(ग)	(ग)	(ग)	प्रश्न- फौजी हर परिस्थिति में - - - - - - – - - 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के संदर्भ में लिखिए। उत्तर - (उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) <u>उदाहरणार्थ</u> - ● उनके प्रति समुचित सम्मान की भावना ● उनके परिवार के प्रति सहयोग और सुरक्षा का भाव ● शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के लिए आर्थिक मदद	**4**
14	**14**	**15**	**14**	प्रश्न- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए:	**1×6= 6**
	(क)	(क)	(क)	मन के हारे हार है मन के जीते जीत	
	(ख)	(ख)	(ख)	आज की बचत कल का सुख	
	(ग)	(ग)	(ग)	शिक्षक दिवस पर मेरी भूमिका	

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

15	**15** **(क)** अथवा **(ख)**	**14** **(क)** अथवा **(ख)**	**15** **(क)** अथवा **(ख)**	<u>अनुच्छेद-लेखन</u> ● भूमिका **= 1** अंक ● विषयवस्तु **= 3** अंक ● निष्कर्ष **= 1** अंक ● भाषा-शुद्धता **= 1** अंक <u>विशेष निर्देश :</u> ● दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। आपका नाम सुखलाल है। - - - - - - - - 100 शब्दों में एक बधाई-पत्र लिखिए। आपका नाम देव/ देविका है। - - - - - - - संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।	**5**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

				उत्तर - <u>पत्र - लेखन</u> ● प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) **= 1** अंक ● विषयवस्तु **= 3** अंक ● भाषा-शुद्धता **= 1** अंक <u>विशेष निर्देश</u> **:-** ● पत्र के उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। ● प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)। ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
16	**16 (क)**	**17 (क)**	**16 (क)**	आपके शहर में बिजली के खंभे - - - - - - - - - - 80 शब्दों में ई-मेल भेजिए। <u>औपचारिक ई-मेल</u> ● प्रारूप **= 1** अंक ● विषयवस्तु **= 3** अंक ● भाषा-शुद्धता **= 1** अंक <u>विशेष निर्देश</u> **:-** ● उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ई-मेल माना जाए और अंक दिए जाएँ। ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।	**5**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

				• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	
	अथवा **(ख)**	अथवा **(ख)**	अथवा **(ख)**	आपका नाम सौम्य/सौम्या है - - - - - - - -- - - - - - - 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। <u>स्ववृत्त</u> **:-** • प्रारूप **= 1** अंक • विषयवस्तु **= 3** अंक • भाषा-शुद्धता **= 1** अंक विशेष निर्देश **:** • व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द सीमा के उल्लंघन के अंक न काटे जाएँ।	

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

17	**17** (क) - -	**16** - (क) -	**17** - - (क)	एक बल्ब बनाने वाली कंपनी की ओर से अपने उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। आपके पिताजी ने साड़ियों की दुकान खोली है। साड़ी की बिक्री बढ़ाने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। आपके शहर में खिलौनों की एक नई दुकान खुली है। इसके प्रचार के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। <u>विज्ञापन-लेखन</u> **:-** ● रचनात्मक प्रस्तुति **= 1** अंक ● विषयवस्तु **= 2** अंक ● भाषा-शुद्धता **= 1** अंक <u>विशेष निर्देश</u> **:-** ● विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	**4**

प्रश्न	प्रश्न पत्र गुच्छ सं.			उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु	अंक और अंक विभाजन
	1	**2**	**3**		

	अथवा **(ख)** - -	अथवा - **(ख)** -	अथवा - - **(ख)**	आपके बड़े भाई/बहन ने आई.ए.एस की परीक्षा पास की है। इसके लिए लगभग 60 शब्दों में उससे बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए। अपने मित्र को जन्मदिवस पर शुभकामना देते हुए उसे लगभग 60 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। आपके छोटे भाई का नाम तन्मय है जिसका चयन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता टीम में हुआ है। उसे लगभग 60 शब्दों में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए। <u>संदेश - लेखन</u> **:-** ● प्रारूप **= 1** अंक ● विषयवस्तु **= 2** अंक ● भाषा-शुद्धता **= 1** अंक <u>विशेष निर्देश</u> **:-** ● संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं हैं फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए। ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।	